CONFIDENTIAL

**MEMORANDUM**

**Minister-in-Charge:** **Archives Minister, Haryana**

**Administrative Secretary:** **Principal Secretary to Government, Haryana, Archives Department**

**Subject:** **Annual Administrative Report of the Archives Department Haryana for the year 2018-2019.**

::::::::::

The Annual Administrative Report along with a review and critique for the year 2018-2019 in respect of the Archives Department Haryana is brought up before the Council of Ministers, Haryana under instructions issued by the Chief Secretary to Government, Haryana vide their U.O. No. 53/12/81-6pp dated 2.07.1982 for consideration.

Prior approval of the Chief Minister to place this matter before the Council of Ministers has been obtained.

Dated, Chandigarh, 2/9/2020

Ashok Khemka
(Ashok Khemka)
Principal Secretary to Government,
Haryana, Archives Department

गोपनीय

ज्ञापन

| | |
|---|---|
| कार्यभारी मंत्री | अभिलेखागार मंत्री, हरियाणा |
| प्रशासकीय सचिव | प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग |

विषयः अभिलेखागार विभाग, हरियाणा की 2018-2019 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट।

------

अभिलेखागार विभाग हरियाणा की 2018-2019 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट की समीक्षा व समालोचना सहित मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के अशाः कमांक 53/12/81-6पीःपीः दिनांक 2-07-1982 द्वारा जारी की गई हिदायतों अनुसार मंत्री परिषद के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत है ।

इस मामले को मंत्री परिषद के सम्मुख रखने के लिए मुख्य मंत्री का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है ।

दिनांक चंडीगढ़ 2/9/2020

अशोक खेमका
(अशोक खेमका)
प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
अभिलेखागार विभाग ।

## Review of the working of Archives Department for the year 2018-19

During the period report, the Department continued to perform its functions to acquire, service and preserve for posterity public and private records of administrative, historical, economic, political, social, religious and cultural values .

During the year 2018-19, the Department surveyed and appraised the records of the office of the Treasury and Accounts Department, Haryana Civil Secretariate Branches General Services -I, II, and III, Finance Department-I, II and III, Finance General-I and II, Power Branch, Vigiliance, H.B.P.E, Finance Accounts, Pension, Industry-I and II, Wage and Mines, F.I.C.W., F.R., Budget and Commiittee, Exam Branch, ERAMU, Information and Technology, Home Confidential, Home-I, II and III, Political, Social Justince and empowerment, Services-II, Haryana Vidhan Sabha Canteen, Civil Secretariat Canteen, New Secretariat Canteen, Irrigation and work, Establishment-I and II, HVPN, Panchkula, Sports and Youth Affairs, Ayush Department, ESI, Health Care, HREADA, Economic and Stastical Analysis Department, Panchkula.

Department provided research facilities to 42 research scholars.

Department organised 5 exhibitions at various places in the State to inculcate archival consciousness among the public in general and students.

Department is well represented at all National Archival and Historical Institutions.

Ashok Khemka

(Ashok Khemka)
Principal Secretary to Government,
Haryana, Archives Department

# अभिलेखागार विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2018-19 के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा

रिपोर्टाधीन अवधि में विभाग प्रशासनिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों की प्राप्ति, सम्भाल एवं चिरकाल तक उनके संरक्षण के कार्यों को करता रहा है ।

वर्ष 2018-19 के दौरान खजाना एवं लेखा विभाग, हरियाणा सिविल सचिवालय की शाखाएं-सामान्य सेवा-I,II,III, वित्त विभाग- I,II,III, वित्त सामान्य-I,II, पावर शाखा, चौकसी शाखा, एच0बी0पी0ई0, वित लेखा, वेतन संशोधन, उद्योग-I,II, वेज एवं माईन्ज, एफ0आई0सी0डब्लयू0, एफ0आर0, बजट एवं कमेटी, परीक्षा शाखा, इ0आर0ए0एम0यू0 शाखा, सूचना एवं प्राद्योगिकी, चुनाव, होम कांफिडैंशियल, होम-I,II, III, राजनीतिक शाखा, सोशल जस्टिस एवं इम्पावरमैंट, सर्विस-II, हरियाणा विधान सभा कैंटीन, सिविल सचिवालय कैंटीन, न्यू सिविल सचिवालय कैंटीन, सिचाई एवं वर्क्स शाखा, प्रशासन शाखा-I,II, वन विभाग, करनाल, विद्धुत प्रसारण निगम, पंचकूला, खेल एवं युवा विभाग, पंचकूला, आयुष विभाग, पंचकूला, ई0एस0आई0, हैल्थ केयर विभाग, हरेडा विभाग, आर्थिक एवं सांख्यिकीय विभाग, पंचकूला के अभिलेखों का सर्वेक्षण तथा मूल्यांकन किया गया ।

विभाग ने 42 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की ।

विभाग ने आम जनता में विशेषकर विघार्थियों में अभिलेखों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से राज्य में विभिन्न स्थानों पर 5 अभिलेखीय प्रदर्शनियों का आयोजन किया ।

विभाग का सभी राष्ट्रीय अभिलेखीय एवं ऐतिहासिक संस्थाओं में अच्छा प्रतिनिधित्व रहा है ।

अशोक खेमका

(श्री अशोक खेमका)
प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
अभिलेखागार विभाग ।

## CRITIQUE OF ANNUAL ADMINISTRATION REPORT FOR THE YEAR 2018-19 OF ARCHIVES DEPARTMENT, HARYANA

During the year under report the Department performed its functions smoothly. An impressive record of archival value is available in Directorate and District Offices of the state Government, which needs timely appraisal and systematic acquisition. Owing to the paucity of space and technically trained staff, the department is facing hardship in appraisal, acquisition and preservation of these records. However, the department continued its work of appraisal and acquisition of public records. Besides, preservation and restoration of records, preparation of reference media of its record holdings has been done.

Ashok Khemka

(Ashok Khemka)
Principal Secretary to Government,
Haryana, Archives Department

## अभिलेखागार विभाग, हरियाणा की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट वर्ष 2018-2019 की समालोचना

रिपोर्टाधीन अवधि में विभाग अपने कार्यो को उचित ढंग से सम्पन्न करता रहा है । बड़ी संख्या में अभिलेखीय महत्त्व का रिकार्ड सरकारी विभागों के मुख्यालयों एवं जिला कार्यालयों में उपलब्ध है, जिसके मूल्यांकन एवं अवाप्ति की आवश्यकता है । प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों एवं स्थान की कमी के कारण विभाग को इन अभिलेखों के मूल्यांकन, अवाप्ति एवं परिरक्षण के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । फिर भी विभाग ने सरकारी अभिलेखों के मूल्यांकन एवं अवाप्ति के अपने कार्य को जारी रखा हुआ है । अभिलेखों के परिरक्षण एवं पुर्नस्थापन के कार्य के अतिरिक्त विभाग ने अपने अभिलेखीय संग्रह की सन्दर्भ सूची भी तैयार की है ।

अशोक खेमका

(अशोक खेमका)
प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
अभिलेखागार विभाग ।

## अभिलेखागार विभाग हरियाणा
## वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2018-2019

अभिलेखागार हमारी सांस्कृतिक सम्पदा का कोष है । यह उस नदी की तरह है, जहां से इतिहास प्रवाहित होता है । इतिहास लिखने व लिखित इतिहास को ढूंढने तथा भावी योजना बनाने के लिए केवल अभिलेखागार ही सामग्री उपलब्ध कराता है।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार, हरियाणा के क्षेत्रीय इतिहास, जो अभी तक अधूरा व अनदेखा रहा है, के शोध की उन्नति के लिए उत्कृष्ट भूमिका अदा करता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार का मुख्य कार्य ऐतिहासिक, प्रशासनिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के सरकारी व निजी अभिलेखों को प्रशासनिक एवं ऐतिहासिक शोध सुविधाओं के लिए प्राप्त करना, उनका सही रख-रखाव व चिरकाल तक उन्हें सुरक्षित रखने हेतु उनकी व्यवस्था करना है । यह विभाग सरकारी अभिलेखों के सम्बन्ध में उनके संरक्षण एवं नि:सरण के लिए सभी गतिविधियों में तालमेल एवं मार्गदर्शन, यह सुनिश्चित करने के लिए करता है कि स्थायी महत्व के अभिलेख नष्ट न हों । इसके अतिरिक्त विभाग मौखिक इतिहास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के स्वतंत्रता सैनानियों एवं प्रमुख व्यक्तियों के संस्मरण भी टेप रिकार्ड करता है ।

1 नवम्बर, 1966 को पंजाब राज्य के पुनर्गठन व हरियाणा राज्य के सृजन के समय हरियाणा राज्य में अभिलेखागार विभाग स्वतन्त्र विभाग के रुप में कार्य नही कर रहा था जिसके कारण सरकारी व निजी अभिलेखों के रख-रखाव की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा सका । तत्पश्चात् वर्ष 1969 में राज्य में पुरातात्विक व अभिलेखीय गतिविधियों को सम्पन्न करने के उद्देश्य से पुरातत्व इकाई की स्थापना की गई । बाद में हरियाणा सरकार ने वर्ष 1973 में मात्र 7 पदों की स्वीकृति के साथ राज्य में अभिलेखागार विभाग स्थापित करने की दिशा में प्रथम कदम उठाया । परन्तु यह पद शीघ्र भरे न जा सके । उप निदेशक अभिलेखागार के पद पर केन्द्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर एक अधिकारी को लेकर वर्ष 1976 में विधिवत् रुप से राज्य में अभिलेखागार विभाग की स्थापना हुई तब से लेकर यह विभाग निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है । मुख्यालय पर बढ़ती अभिलेखीय गतिविधियों के बोझ को कम करने की दिशा में विभाग ने वर्ष 1986 में मण्डल स्तर पर क्रमश: अम्बाला व हिसार में क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की । राज्य में रोहतक व

गुरूग्राम को मण्डल का दर्जा मिलने के पश्चात् विभाग ने वर्ष 1997 में इन दोनों स्थानों पर भी क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की ।

वर्ष 2014 में स्टॉफ की कमी व अत्यधिक किराये के कारण क्षेत्रीय अभिलेखागार गुरूग्राम का कार्यालय अस्थाई तौर पर गुरूग्राम से क्षेत्रीय अभिलेखागार रोहतक मण्डल, रोहतक में स्थानांतरित कर दिया गया ।

अभिलेखागार विभाग सरकार के स्तर पर अतिरिक्त मुख्य/प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में कार्य करता है । निदेशालय स्तर पर महानिदेशक/निदेशक विभागाध्यक्ष हैं । ये दोनों अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा से हैं ।

वर्ष 2018-2019 की अवधि के दौरान सरकार के स्तर पर इस विभाग का कार्यभार श्री अनिल विज, अभिलेखागार मंत्री के पास रहा । इस अवधि के दौरान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती धीरा खण्डेलवाल, भा0प्र0से0 रहीं है । विभाग के महानिदेशक/निदेशक का कार्यभार श्री प्रवीन कुमार, भा0प्र0से0 रिपोर्टाधीन अवधि से (31-5-2018 तक), श्री पंकज यादव, भा0प्र0से0,(1-6-2018 से 6-3-2019 तक) तथा श्री जयकृष्ण आभीर, एच0सी0एस0 (7-3-2019 से शेष अवधि तक) के पास रहा है ।

राज्य अभिलेखागार तथा अभिलेखागार महानिदेशक का कार्यालय सिंचाई भवन, बी0 ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर 5, पंचकुला के सरकारी भवन में स्थित है । मण्डल स्तर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार के कार्यालय क्रमशः अम्बाला, हिसार तथा रोहतक व गुरूग्राम के कार्यालय का रिकार्ड रोहतक में स्थित है ।

विभाग में 42 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 26 पद भरे हुए हैं व 16 पद रिक्त है । जिनका विवरण अनुलग्नक 'क' पर उपलब्ध है ।

**बजटः**

विभाग के वर्ष 2018-2019 के मूल बजट में योजनेत्तर पक्ष पर 2,24,00,000 रुपये व योजना पक्ष पर 27,00,000 रुपये का बजट प्रावधान किया गया था जिसके समक्ष 1,81,39,709 रुपये योजनेत्तर पक्ष पर तथा 7,11,514/- रुपये योजना पक्ष पर खर्च किए गए हैं ।

**अभिलेख प्रबंधन :**

विभाग ने हरियाणा सरकार द्वारा ई-आफिस प्रणाली लागू करने की दिशा में हरियाणा सिविल सचिवालय की विभिन्न शाखाओं तथा विभागों के पुराने रिकार्ड का वीड आउट किया गया जो इस प्रकार है:-

1. विभाग ने खजाना एवं लेखा विभाग की 3889 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई।

2. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की सामान्य सेवाएं-1 की 550 फाईलें, सामान्य सेवाएं-2 की 2172 फाईलें, सामान्य सेवाएं-3 की 18 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

3. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की वित्त विभाग की 300 फाईलें, वित्त विभाग-1 की 272 फाईलें, वित्त सामान्य-1 की 14 फाईलें, वित्त विभाग-2 की 1298 फाईलें, वित्त विभाग-3 की 991 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

4. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की पावर शाखा की 220 फाईलें, चौकसी शाखा की 3803 फाईलें, एच.बी.पी.ई. शाखा की 205 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

5. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की वित्त सामान्य-2 की 746 फाईलें, वित्त लेखा-1 की 1087 फाईलें, वेतन संशोधन शाखा की 2023 फाईलें, उघोग 1 एवं 2 शाखा की 1209 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

6. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की वेज एवं माईन्ज शाखा की 1020 फाईलें, एफ.आई.सी.डब्लयू. शाखा की 1479 फाईलें, एफ.आर. शाखा की 564 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

7. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की बजट एवं कमेटी शाखा की 245 फाईलें, परीक्षा शाखा की 245 फाईलें, ई.आर.ए.एम.यू. शाखा की 54 फाईलें, सूचना एवं प्रौघोगिकी शाखा की 259 फाईलें, चुनाव शाखा की 732 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

8. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की होम कानफीडेंशयल शाखा की 1586 फाईलें, होम-1 की 84 फाईलें, होम-2 की 1460 फाईलें, होम-3 की 400 फाईलें, होम-4 की 491 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

9. विभाग ने हरियाणा सिविल सचिवालय की राजनीतिक शाखा की 1104 फाईलें, सोशल जस्टिस एवं एम्पावरमेंट की 1471 फाईलें, सर्विस-1 की 427 फाईलें, सर्विस-1 की 374 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई।

10. विभाग ने हरियाणा विधानसभा कैंटीन के 283 बंडल व रजिस्टर, हरियाणा सिविल सचिवालय कैंटीन, न्यू सिविल सचिवालय कैंटीन, एम.एल.ए. हॉस्टल कैंटीन एवं हरियाणा निवास कैंटीन के 235 रजिस्टर/बंडलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी रजिस्टर/बंडलों अभिलेखीय महत्व के नहीं पाए गए ।

11. विभाग ने सिंचाई एवं वर्कस शाखा की  फाईलें, प्रशासन शाखा-1 की 817, प्रशासन शाखा-2 की 576 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।
12. विभाग ने खेल एवं युवा मामले विभाग, पंचकूला की 1104 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।
13. विभाग ने आयुष विभाग पंचकूला की 1705 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नही पाई गई।
14. विभाग ने ई.एस.आई. हेल्थ केयर विभाग, पंचकूला की 1729

फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

15. विभाग ने हरेड़ा विभाग, पंचकूला की 516 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई।

16. विभाग ने आर्थिक एवं सांख्यिकीय विश्लेषण विभाग, पंचकूला की 2616 फाईलों का सर्वेक्षण किया जिसमें कोई भी फाईल अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

**अभिलेख परिरक्षण :**

इस वर्ष के दौरान अभिलेख परिरक्षण के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किए गए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बांइडिंग और सिलाई | 310 पुस्तकें व रजिस्टर |
| 2. | लघु रिपेयर | 1643 पृष्ठ |
| 3. | टिश्यू रिपेयर | 2363 पृष्ठ |
| 4. | डिएसिडिफिकेशन | 2856 पृष्ठ |
| 5. | फोल्डर बनाना | 3 फोल्डर |
| 6. | फोर साईड कटिंग | 850 पृष्ठ |
| 7. | गैदरिंग एवं गार्डिंग | 550 पृष्ठ |
| 8. | फलैटनिंग | 3400 पृष्ठ |
| 9. | चेपियां हटाना | 930 पृष्ठ |
| 10. | फाईल रिपेयर | 62 फाईल |
| 11. | चिपके हुए पृष्ठों को अलग करना | 850 पृष्ठ |
| 12. | अखबारों की सिलाई | 18 अखबार |
| 13. | सी.डी. कवर बनाना | 5 सी.डी. कवर |

**अभिलेखों को व्यवस्थित करना :**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभाग द्वारा दिल्ली डिवीजन के रिकार्ड को नए तरीके से व्यवस्थित किया गया । 60 पाण्डुलिपियों व उपायुक्त रोहतक की 300 फाईलों का पेजीनेशन किया गया तथा गुरूग्राम क्षेत्रीय कार्यालय के 329 किताबों का भौतिक सत्यापन किया गया ।

**संदर्भ माध्यम :**

विभाग ने उपायुक्त रोहतक से अवाप्त 250 फाइलों तथा आयुक्त अम्बाला से अवाप्त 200 फाइलों की विषय सूची तैयार की ।

**शोध सुविधाएं :**

विभाग ने 19 शोधकर्ताओं को शोध अनुमति प्रदान की । जिनका विवरण अनुलग्नक 'ख' पर उपलब्ध है । तथा 23 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की।

**सूचना का अधिकार अधिनियम :**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत विभाग ने श्री अशोक कुमार पुत्र श्री निहाल चंद, वार्ड नं0 7, पटौदी, जिला गुरूग्राम, शहनवाज शहीद उधम सिंह भवन, बीघड़ रोड, नजदीक वन विभाग, फतेहाबाद, जावेद मलिक पुत्र श्री माम चंद, मकान नं0 2061, सैक्टर-7, एच.बी.सी., रतगल मार्केट, जिला कुरूक्षेत्र, असीम टकयार, प्लाट नं0 144, फेज नं0 1, उघोग विहार, गुरूग्राम को उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध करवाई ।

**माइक्रोफिल्मिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभागीय रिकार्ड में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की 52 पुस्तकें और अम्बाला डिवीजन के 10 बण्डलों की सुरक्षा हेतु लगभग 12800 माइक्रोफिल्म चित्र तैयार किए गए व इनको प्रोसेस किया गया तथा इसके अतिरिक्त दिल्ली डिवीजन की 10 पुस्तकों और 11 बंडलों के 7300 पृष्ठों की माइक्रोफिल्म तैयार की गई तथा अंग्रेजी न्यूज पेपर 'द ट्रिब्यून' के 10000 माइक्रोफिल्म चित्र को चैक किया गया ।

**अवाप्तियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने विधि एवं विधायी विभाग, हरियाणा से स्थाई संरक्षण के लिए विभागीय लाईब्रेरी में शोधकर्ता के उपयोग के लिए 75 पुस्तकों को अवाप्त किया गया ।

**अभिलेखों की सर्विसिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने यहां उपलब्ध अभिलेखों की निम्नानुसार सर्विसिंग की:

1- पुनर्वास विभाग, हरियाणा को उनकी मांग पर 62 फाइलें उपलब्ध करवाई।

**प्रदर्शनियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने विभिन्न स्थानों कें शिक्षण संस्थानों में विभिन्न अवसर पर निम्न विवरण अनुसार अभिलेखीय दस्तावेजों से सम्बन्धित प्रदर्शनियों को आयोजित किया गया:

| कम | दिनांक | स्थान | शिक्षण संस्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | 10 जुलाई से 11जुलाई 2018 | हैदराबाद | भारतीय इतिहास रिकार्ड कमेटी के 62 वें अधिवेशन पर |
| 2. | 26 सितम्बर से 27 सितम्बर 2018 | फतेहबाद | मनोहर मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविघालय |
| 3. | 13 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2018 | कुरूक्षेत्र | अंतर्राष्ट्रीय गीता जंयती के उपलक्ष्य में |
| 4. | 30 जनवरी से 31 जनवरी 2019 | यमुनानगर | राजकीय महाविघालय छछरौली |
| 5. | 27मार्च से 28मार्च 2019 | रोहतक | राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविघालय |

**चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना:**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभाग में चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना शून्य है ।

अनुलग्नक 'क'

वर्ष 2018-19 में पदों का विवरण

| पदनाम | पंचकूला | अम्बाला | हिसार | रोहतक | भरे हुए पद | रिक्त पद | कुल स्वीकृत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उप निदेशक | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| लेखा अधिकारी | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सहायक निदेशक | 2 | - | - | - | 2 | 2 | 4 |
| अधीक्षक | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 |
| अभिलेखपाल | 2 | . | . | 1 | 3 | - | 3 |
| सहायक अभिलेखपाल | 1 | - | - | - | 1 | 5 | 6 |
| माइक्रोफोटोग्राफिस्ट | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सहायक | 3 | - | - | - | 3 | 0 | 3 |
| सहायक पुस्तकाध्यक्ष | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| अभिलेख रेस्टोरर | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| चालक | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| जूनियर स्केल स्टैनो | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| लिपिक | - | - | - | - | - | 4 | 4 |
| अभिलेख परिचर | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| बाइंडर | 1 | 1 | - | - | 2 | - | 2 |
| गेट कीपर | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| डार्क रुम अटैन्डेन्ट | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| डस्टिंग बियरर-कम-मैंडर | 2 | 1 | 1 | 1 | 5 | -- | 5 |
| स्वीपर | 1 | - | - | - | 1 | - | 1 |
| सेवादार | 2 | - | 1 | - | 3 | 0 | 3 |

अनुलग्नक 'ख'

वर्ष 2018–19 में विभाग में आए शोधकर्ताओं का विवरण

| क्र0 | शोधकर्ता का नाम | शोध का विषय | विश्वविद्यालय/विभाग/संस्थान |
|---|---|---|---|
| | सर्व श्री/श्रीमती | | |
| 1. | अमरनाथ, पत्रकार | सेटलमेंट रिकार्डस | स्वयं |
| 2. | युवराज कौशल, पत्रकार | हिन्दुस्तान टाईम्स न्यूजपेपर | स्वयं |
| 3. | रामकुमार गौतम, वकील | जेल रिकार्ड | स्वयं |
| 4. | स्वीटी | महाराजा रणजीत सिंह के अधीन सिक्ख राज्य का उदय | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 5. | अनिल कुमार आर्य,पत्रकार | राजनीतिक इतिहास | स्वयं |
| 6. | प्रवीन कुमार | जतिनदास का क्रांतिकारी आंदोलन में योगदान | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 7. | सरिता यादव | इतिहास | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 8. | जगदीश प्रसाद | भक्ति आंदोलन दादू दयाल की बाणी | इतिहास और संस्कृति की हरियाणा अकादमी |
| 9. | हरिकृष्ण | औपनेशिक पूर्वी पंजाब में रेलवे सामाजिक, आर्थिक परिवर्तन का एक अध्ययन 1861 - 1947 | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 10. | कर्मवीर | हरियाणा की चुनावी राजनीति एवं महिलाएं विधानसभा चुनावों का एक अध्ययन 1967-2005 | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | पवित्रा सिंह सिंधु | भारतीय इतिहास तथा स्वतंत्रता संग्राम | स्वयं |
| 12. | रेखा यादव | National, community, gender and the making of 'Akhanas' in Haryana-$19^{th}$ century | जवाहर लाल नेहरू, नई दिल्ली |
| 13. | अनिषा देसवाल | World war remembrance and Strategies:India and Britain 1941-2018 | जवाहर लाल नेहरू, नई दिल्ली |
| 14. | निशा त्रिपाठी | प्रिंसली पटियाला और द्वितीय विश्व युद्ध | पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ । |
| 15. | शमशेर सिंह पुनिया | गांव का इतिहास | स्वयं |
| 16. | डा० वीरेन्द्र सिंह ढिल्लों | Technology and Rural change | लेखक |
| 17. | सिमरन धिलदयाल | Naraingarh in coloniel and post colonial Punjab-1815 & 1866 A.D | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 18. | कविता रानी | Parjamandal Movement in Dujana & Jind States | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 19. | गरिमा डुडेजा | हरियाणा में औद्योगिक नीति | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |